भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1856

गुरूवार, 16 मार्च, 2023 / 25 फाल्गुन, 1944 (शक)

सीपीआई-आई डब्ल्यू आधार में शामिल मदों का विवरण

1856. श्री जावेद अली खान:
श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आई डब्ल्यू) आधार वर्ष 2016 में शामिल 465 मदों के विवरण सहित वर्तमान में उनके वेटेज प्रतिशत का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उपर्युक्त मदों के वेटेज में वर्ष 2021, 2022 के दौरान और 2023 में अब तक कोई परिवर्तन हुआ है;

(ग) यदि हां, तो इन परिवर्तनों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो तीन दशकों में मुद्रा-स्फीति के उच्चतम स्तर पर रहने के बावजूद औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के कम रहने के क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) में शामिल 465 वस्तुओं को आधार वर्ष 2016 = 100 के साथ विभिन्न समूहों में वर्गीकृत किया गया है। वर्तमान में संबंधित वेटेज प्रतिशत के साथ समूह नीचे दिए गए हैं:

समूह	**सीपीआई-आईडब्ल्यू (2016=100) (वेटेज %)**
खाद्य और पेय पदार्थ	39.20
पान, सुपारी, तम्बाकू और नशीले पदार्थ	1.80
कपड़े और जूते	5.95
आवास	17.75
ईंधन और प्रकाश उपकरण	5.49
विविध	29.81
कुल	**100.00**

आधार वर्ष के दौरान एक बार अंतिम रूप से तय किए गए वेटेज मौसमी कारक से प्रभावित फलों और सब्जियों की मदों को छोड़कर पूरी जीवन श्रृंखला में अपरिवर्तित रहते हैं।

सीपीआई-आईडब्ल्यू द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति की दर पिछले तीन दशकों के आंकड़ों की तुलना में हाल के महीनों में कम रही है।

*****